हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 7 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री

12 चिरायु दल की मेहनत से बची बच्चे की जान, हुआ सफल...



12 बालक स्कूल में प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का ...





# शराब नहीं, खुशहाली चाहिए, गांव की महिलाओं ने संभाली कमान

## अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, गांव में शराबबंदी की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के खल्लारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मरार कसहीबहरा में एक पहल देखने को मिली, जहां गांव की महिला शक्ति ने पूर्ण शराबबंदी के लिए कमर कस ली है। सरपंच संगीता पटेल के नेतृत्व में, गांव की महिलाओं ने एक विशाल समूह बनाकर इस सामाजिक बुराई के खिलाफ बिगुल फूंका है। इस अभियान के तहत, ग्रामीणों ने सोमवार को अपर कलेक्टर रवि साहू को एक ज्ञापन सौंपकर शासन से इस मुहीम में सहयोग मांगा।

मरार कसहीबहरा में लंबे समय से शराब की वजह से पनप रही समस्याओं जैसे घरेलू कलह, आर्थिक तंगी, स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव और बच्चों की शिक्षा में बाधा से तंग आकर महिलाओं ने एकजुट होने का फैसला किया। उन्होंने महसूस किया कि शराब सिर्फ एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और गांव के ताने-बाने को तबाह कर रही है।

सरपंच संगीता पटेल ने बताया कि यह निर्णय रातों-रात नहीं लिया गया है, बल्कि यह गांव की माताओं और बहनों के सामूहिक दर्द और संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा, हम अपनी आंखों के सामने अपने घरों को उजड़ते नहीं देख सकतीं। हमारे बच्चों का भविष्य शराब के कारण अंधकार में जा रहा है। इसलिए हमने तय किया है कि अब यह बर्दाश्त नहीं होगा। यह शराबबंदी का अभियान केवल महिलाओं का नहीं, बल्कि पूरे गांव का है। गांव की उप सरपंच भेख लाल साहू, पंच मंतोरा, लता साहू व उत्तम बाई सहित लगभग 40 लोगों की संख्या में उपस्थित होकर इस अभियान की गंभीरता को दर्शाया। उनकी उपस्थिति ने स्पष्ट कर दिया कि इस अभियान को ग्राम पंचायत और ग्रामवासियों का पूर्ण समर्थन प्राप्त है।

### मांगा सरकारी सहयोग

महिलाओं ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपर कलेक्टर रवि साहू को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा, जिसमें गांव में तत्काल पूर्ण शराबबंदी लागू करने और इस नियम का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। समूह ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि वे गांव में शराब का निर्माण, बिक्री और सेवन पूरी तरह से बंद करना चाहते हैं। इसके लिए वे स्वयं जन-जागरूकता अभियान चला रहे हैं, लेकिन प्रशासन के सहयोग के बिना इस मुहिम को लंबे समय तक सफल बनाना कठिन होगा।



### सामाजिक परिवर्तन की ओर एक बड़ा कदम

मरार कसहीबहरा का यह कदम जिले के अन्य गांवों के लिए भी एक प्रेरणास्रोत बन सकता है। यह साफ दर्शाता है कि जब महिलाएं किसी सामाजिक परिवर्तन का बीड़ा उठाती हैं, तो सफलता सुनिश्चित होती है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य केवल शराब पर प्रतिबंध लगाना नहीं है, बल्कि गांव में शांति, समृद्धि और खुशहाली का माहौल वापस लाना है।

## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** बलौदा पुलिस ने महुआ शराब परिवहन कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति एक मोटर सायकल में अवैध हाथ भट्ठी देशी महुआ शराब रखकर पाईकपारा की ओर परिवहन करते आ रहे हैं। संदेह पर उक्त दोनो व्यक्ति से पूछताछ की गई, जिस पर उन्होंने अपने नाम शिवकुमार जोल्हे पिता मनमोहन जोल्हे (32 साल) पलसापाली थाना बलौदा और रामसुंदर बरिहा पिता कुंजबिहारी बरिहा (35 वर्ष) छिबर्रा का निवासी होना बताए। तलाशी के दौरान दोनों व्यक्ति के कब्जे से 25 लीटर हाथ भट्ठी देशी महुआ शराब कीमत 5000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम बोईरगांव में मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध कोमाखान थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी टियन कुमार साहू पिता ताम्रध्वज साहू (39 साल) बोईरगांव थाना कोमाखान ने बताया कि 3 अक्टूबर को रात करीबन 10 बजे उसके घर के सामने देवीलाल यादव, शिवकुमार यादव, परेश यादव एवं इनके साथी गाली गलौज कर रहे थे, जिन्हें उसने मना किया। इसके बाद वह कुछ मेहमानों के साथ दशहरा देखने बस्ती अंदर चला गया। दो घंटे के बाद जब दशहरा देखकर घर वापस आया, इसके बाद देवीलाल यादव, शिवकुमार यादव, परेश यादव तीनो एवं अपने साथियों के साथ आये, तब उनसे कहा कि मेरे घर के दरवाजा को क्यों तोड़े हो। इस पर वे गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगे। मारपीट करते देखकर जब उसकी पत्नी कौशिल्या साहू एवं डेढ़ सास नरेश्वरी साहू एवं भाई प्रेमलाल साहू बीच बचाव करने आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई।

## प्रतियोगिता : 25वीं शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शानदार आगाज

# खेल से जिंदगी में अनुशासन आता है: विधायक योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता की शुरुआत मिनी स्टेडियम में हुई। मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मशाल जलाकर एवं ध्वजारोहरण किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया। विधायक ने शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने शपथ दिलाई। यहां शिक्षा विभाग, खेल विभाग एवं प्रतियोगिता से संबंधित अधिकारी एवं खेल प्रेमी जनता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर स्काउट गाइड के राज्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा, छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, स्काउट गाइड संघ के जिला अध्यक्ष येतराम साहू, जिला हैंडबाल संघ के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह मौजूद रहे।

- प्रतियोगिता में 5 जोन से 320 खिलाड़ी ले रहे हैं भाग, कबड्डी हैंडबॉल एवं रग्बी खेल का होगा आयोजन



इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि आज के खिलाड़ी ही भविष्य के सफल इंसान बनेंगे। आज आप मैदान पर है कल किसी और बड़े स्थान में आपकी जगह होगी। विधायक सिन्हा ने कहा कि जिले को जल्दी ही नए हैंडबॉल ग्राउंड का सौगात मिलेगा। जिसमें फेंसिंग, लाईट एवं अन्य सभी सुविधाएं मौजूद रहेंगी। साथ ही उन्होंने बताया कि जिले में लगभग 9 करोड़ रुपए की लागत से एक इंडोर स्टेडियम एवं एक ऑडोटोरियम का निर्माण किया जाएगा।

▶▶| शेष पेज 11 पर

### रायपुर एवं बस्तर के मध्य हैंडबॉल के मैच से हुआ शुभारंभ

शुभारंभ मैच रायपुर एवं बस्तर के मध्य हैंडबॉल के मैच से प्रारम्भ हुआ। विदित है कि 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में कबड्डी 19 वर्ष बालक/बालिका, हैण्डबाल में 17 वर्ष बालक एवं रग्बी में 17 वर्ष बालक/बालिका शामिल होंगे। प्रतियोगिता में 05 खेल जोन बस्तर, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर, सरगुजा से 64-64 कुल 320 खिलाड़ी एवं 80 आफिसियल्स सम्मिलित हांगे। कबड्डी प्रतियोगिता में 6 अक्टूबर को दोपहर 03 बजे 19 वर्ष बालक/बालिका रायपुर एवं दुर्ग के मध्य मैच होगा। इसी प्रकार 7 अक्टूबर को प्रात 8 बजे 19 वर्ष बालक/बालिका बिलासपुर एवं बस्तर, दुर्ग एवं सरगुजा तथा रायपुर एवं बस्तर के मध्य मैच देखने को मिलेगा। दोपहर 3 बजे बिलासपुर एवं दुर्ग, बस्तर एवं सरगुजा तथा रायपुर एवं सरगुजा के बीच मैच रहेगा। 8 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से 19 वर्ष बालक/बालिका सरगुजा एवं बिलासपुर, बिलासपुर एवं रायपुर तथा बस्तर एवं दुर्ग के मध्य कबड्डी का मैच होगा।

## स्वच्छ भारत मिशन के शौचालयों में लटके ताले, सुना रहे बदहाली की दास्तान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) घोषित करने के दावे हकीकत के धरातल पर दम तोड़ते नज़र आ रहे हैं। गांवों में लाखों की लागत से बने हजारों व्यक्तिगत और सामुदायिक शौचालयों की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि वे उपयोग लायक नहीं बचे हैं। कई जगह तो इन शौचालयों पर ताले लटके हुए हैं, और ग्रामीणों को आज भी खुले में शौच के लिए जाना पड़ रहा है।

जिले के विभिन्न गांवों में बने शौचालयों की स्थिति दयनीय है। जो शौचालय कुछ साल पहले बड़ी उम्मीदों के साथ बनाए गए थे, आज वे उपेक्षा के कारण खंडहर में तब्दील हो रहे हैं। बारिश में इनका उपयोग करना असंभव हो जाता है। अधिकांश शौचालयों में पानी की व्यवस्था नदारद है। कई शौचालयों में टॉयलेट सीटें टूट चुकी हैं, दरवाजे या तो गायब हैं या जंग खाकर टूट चुके हैं। ▶▶| शेष पेज 13 पर

### मिशन की सफलता पर सवाल

जब शौचालय उपयोग लायक नहीं होंगे, तो स्वाभाविक है कि लोग खुले में शौच करने के लिए मजबूर होंगे। जिले में शौचालयों की यह बदहाली यह सवाल खड़ा करती है कि क्या केवल कागज़ पर ओडीएफ घोषित कर देने से ही लक्ष्य पूरा हो जाता है। सरकार ने स्वच्छता को लेकर जो सपना देखा था, वह जिले में लापरवाही की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है।

### नहीं है पानी की व्यवस्था

कई सामुदायिक शौचालय में नल लगाने के बावजूद अभी तक पानी की व्यवस्था नहीं हो पाई है। उसमें नल तो लगाए गए हैं। पानी के लिए टंकी की व्यवस्था की गई है लेकिन पानी सप्लाई के लिए किसी भी पाइप का इंतजाम नहीं किया गया है। इस कारण सामुदायिक भवन का उपयोग नहीं हो रहा है।

## गाड़ियों की बैटरी हो रही चोरी दो मामलों में रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गाड़ियों से बैटरी चोरी के दो मामलों में सिटी कोतवाली महासमुंद और सरायपाली थाने में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। कोतवाली पुलिस को गणेश देवांगन निवासी वार्ड नंबर 17 कुर्मीपारा महासमुंद ने बताया कि वह श्री महावीर बजरंग मेटाडोर ओनर्स कल्याण संघ महासमुंद में सचिव है और उनके यूनियन में कुल 30 छोटा हाथी एवं पिकअप वाहन चलते हैं। प्रतिदिन काम खत्म होने के बाद उक्त गाड़ियों को अंबेडकर चौक महासमुंद ओवरब्रिज के नीचे रखते है। 21 सितंबर की रात 10 बजे टाटा एस छोटा हाथी क्रमांक सीजी 04 एचयू 4266, अशोक लिलैंड दोस्त पिकअप ▶▶| शेष पेज 11 पर

### ट्रेलर से दो बैटरी चोरी

इसी तरह सरायपाली थाने में प्रार्थी राजेश पटेल ने बताया कि वह भगवती ट्रैक्टर शोरूम सरायपाली का संचालक हैं। उसके अशोक लिलैंड कंपनी के ट्रेलर क्रमांक सीजी10 बीटी 5153 को ड्रायवर सोनी सिंग 25 सितंबर को मेन रोड भगवती ट्रैक्टर शोरूम के सामने सरायपाली में खड़ा कर घर चला गया था। 1 अक्टूबर की सुबह 8 बजे ड्रायवर देवा भोई ट्रेलर चालू करने का प्रयास किया, लेकिन गाड़ी चालू नहीं हुआ। चेक किया तो ट्रेलर में लगे दो नग बैटरी कीमत 36000 नहीं थे। जिसे किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिए। मामले में रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# बिजली बिल हाफ योजना बंद करने और बिजली दरों में बढ़ोत्तरी के विरोध में कांग्रेस का जोरदार विरोध-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को बिजली विभाग का घेराव किया गया।

शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जनता के हित में चलाई जा रही "बिजली बिल हाफ योजना" को बंद करना और लगातार बिजली दरों में बढ़ोतरी करना आम जनता पर आर्थिक बोझ डालने जैसा है। यह निर्णय गरीब, किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों के हितों के खिलाफ है। घेराव कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जनविरोधी नीतियों के जरिए प्रदेश की जनता को राहत देने के बजाय परेशानी में डाल रही है। पहले मुफ्त या आधी दर में मिलने वाली बिजली को अब महंगे दरों पर देना जनता के साथ धोखा है। ▶▶| शेष पेज 11 पर



### कांग्रेसियों की प्रमुख मांग

बिजली बिल हाफ योजना" को तुरंत बहाल किया जाए। बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी को तत्काल वापस लिया जाए। आम उपभोक्ताओं, किसानों और छोटे व्यापारियों को राहत दी जाए। राज्य भाजपा सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा को समाप्त कर बेतहाशा मूल्य वृद्धि, राज्य भाजपा सरकार की प्रायोजित लूट है। बढ़े हुए बिजली बिल भाजपा सरकार की मुनाफाखोरी वाली नीति के कारण छत्तीसगढ़ की जनता का महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है। कांग्रेस सरकार के समय से वर्तमान भाजपा सरकार के राज में हर उपभोक्ता का औसतन बिजली बिल दोगुना हो गया है। कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हॉफ योजना शुरू किया था, जिसका लाभ प्रदेश के 54 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था। कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू किए गए 400 यूनिट बिजली बिल हॉफ के दायरे में प्रदेश का लगभग हर उपभोक्ता आता था। इस माह बढ़े हुए आए बिजली बिल के कारण जनता परेशान हो गई है। औसतन हर उपभोक्ता का बिजली बिल दुगुना आया है। कांग्रेस पार्टी राज्य भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है। कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है।

## भद्राकाल का रहा प्रभाव, शहर समेत गांवों में हुए विविध आयोजन

# धूमधाम से मनाया गया शरद पूर्णिमा का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में इस वर्ष शरद पूर्णिमा का पावन पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। हालांकि, इस दौरान पूर्णिमा तिथि पर भद्रा का साया रहने के बावजूद, श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई और पूरे जिले में यह पर्व धूमधाम से मनाया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शरद पूर्णिमा वर्ष की सभी पूर्णिमाओं में सबसे श्रेष्ठ मानी जाती है, क्योंकि इस रात चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से पूर्ण होता है और माना जाता है कि इसकी किरणें धरती पर अमृत की वर्षा करती हैं।

पंचांग गणना के अनुसार, इस वर्ष शरद पूर्णिमा की तिथि कुछ समय के लिए भद्राकाल से प्रभावित थी। इसके बावजूद, भक्तों ने विशेष रूप से निशिता काल (मध्यरात्रि) और अन्य शुभ मुहूर्तों में माता लक्ष्मी की आराधना की। जिला मुख्यालय और इसके आसपास के क्षेत्रों में स्थित विभिन्न मंदिरों, जैसे कि चंडी मंदिर, खल्लारी माता मंदिर, और अन्य प्राचीन देवालयों में देर रात तक विशेष पूजा-अर्चना का क्रम चला। ▶▶| शेष पेज 11 पर



### भद्राकाल का रहा प्रभाव

शरद पूर्णिमा पर दोपहर 12 बजकर 23 मिनट से लेकर देर रात 10 बजकर 53 मिनट तक भद्रा काल रहा, ज्योतिषाचार्यों ने भक्तों को विशेष सावधानी बरतने और शुभ मुहूर्तों का पालन करने की सलाह दी थी, जिसका पालन करते हुए लोगों ने श्रद्धा और उल्लास के साथ इस पवित्र पर्व को संपन्न किया। जिले में शरद पूर्णिमा का पर्व भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक रंगत के साथ संपन्न हुआ।

### चांदनी रात में अमृत खीर का वितरण

शरद पूर्णिमा का सबसे महत्वपूर्ण अनुष्ठान चांदनी रात में खीर तैयार करना और उसे चंद्रमा की किरणों के नीचे खुले आसमान के नीचे रखना होता है। जिले के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में यह परंपरा पूरे उल्लास के साथ निभाई गई। घरों की छतों पर, मंदिरों के प्रांगण में, और सार्वजनिक स्थलों पर बड़ी मात्रा में दूध, चावल और मेवों से बनी खीर को खुले बर्तनों में रखा गया। श्रद्धालुओं का मानना है कि चंद्रमा की अमृतमयी किरणें इस खीर में समाहित हो जाती हैं, जिससे यह अमृत खीर औषधीय गुणों से युक्त हो जाती है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ, जिले में शरद पूर्णिमा के अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं रामायण पाठ का आयोजन हुआ। चूंकि इस दिन भगवान कृष्ण ने गोपियों के साथ महा-रास किया था, इसलिए कृष्ण मंदिरों में विशेष आयोजन किया गया। युवाओं और बच्चों ने भी इस पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुछ स्थानों पर डीजे डांस प्रतियोगिताओं और पारंपरिक लोक नृत्यों का आयोजन भी देखने को मिला, जिसने पर्व के उल्लास को और बढ़ा दिया।

# दो मामलों में साढ़े 4 लाख का गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पुलिस ने तस्करी के दो मामलों में साढ़े 4 लाख रुपए का गांजा बरामद किया है। इन मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। वहीं फरार तस्करों की तलाश जारी है।

पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद कलर का स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमएच 01 ईई 5986 का चालक अवैध मादक गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे हैं। इसके बाद थाना चौक में जाकर नाकाबंदी किया गया। कुछ समय बाद मुखबिर के बताये हुलिया की एक सफेद कलर का स्विफ्ट डिजायर कार आई, जिसे रोकने का प्रयास किया गया। लेकिन, कार चालक ने तेज रफ्तार से वाहन को चलाकर सिंघोडा मंदिर के सामने छोड़ दिया और जंगल की ओर भाग गया। कार की तलाशी के दौरान 20.100 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 3,00,000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 20 (बी)(ii)(बी) नारकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

इसी तरह दूसरे मामले में मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक सफेद कलर की आई 10 कार क्रमांक एमएच 01 बीजी 6629 में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर ओडिशासे छत्तीसगढ की ओर आ रहे हैं। सूचना के बाद ग्राम गनियारीपाली चौक में जाकर नाकाबंदी किया। कुछ दिर बाद उक्त हुलिए की कार आई। जिसमें दो व्यक्ति सवार थे, जिसे हमराह स्टाफ द्वारा रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन आरोपी वाहन को तेज गति से चलाकर आगे की ओर भागने लगे। पीछाकर आरोपियों को ग्राम सिंघोड़ा बाजार चौक के पास पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने कार में गांजा रखना बताया तथा अपने नाम नाम अब्दुल नदीम पिता अब्दुल रहीम (29) यशोधरा नगर लालझंडा चौक थाना यशोधरा नगर जिला नागपुर महाराष्ट्र, मोहम्मद खतीफ पिता अब्दुल गफुर (26) कालाझंडा मोमीनपुरा थाना तहसील जिला नागपुर महाराष्ट्र बताया।

# जोरों से चमकी बिजली...जमकर गरजे बादल, तेज बारिश से सड़कें लबालब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवार को दोपहर 1 बजे के बाद राजधानी के ऊपर छाए काले बादल जमकर गरजे और जोरों से बिजली चमकी। घंटेभर हुई झमाझम बारिश से शहर की कई सड़कों पर पानी भर गया। मौसम में हुए बदलाव की वजह से वातावरण में ठंडक आ गई और तापमान ज्यादा ऊपर नहीं चढ़ पाया। बारिश की यह गतिविधि व्यापक न होकर खंड वर्षा जैसी रही। कई इलाकों में इसका प्रभाव झमाझम रहा, वहीं कुछ जगह मध्यम रूप में रहा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह बारिश अभी प्रदेश में व्यापक रूप में नहीं है। जिस इलाके में चलायमान बादल एकत्रित हो रहे हैं, वहीं जमकर बारिश हो रही है और बाकी स्थानों पर इसका असर ही नहीं हो रहा है। रविवार को भी कुछ इसी तरह की स्थिति राजधानी रायपुर समेत आसपास के इलाकों में बनी रही। सुबह 12 बजे कुछ हिस्सों में बारिश हुई। घंटेभर सामान्य रहने के बाद मौसम ने उग्र तेवर दिखाए।



**रविवार दोपहर में घंटेभर कुछ इलाकों में झमाझम तो कहीं मध्यम वर्षा**





### कड़कड़ाती बिजली से सहमे शहरवासी

उत्तरी हिस्से से उठे काले बादल शहरभर में छाए और जमकर गरजे। कड़कड़ाती आवाज के साथ चमकी बिजली लोगों को भयभीत करती रही। इस दौरान शहर के बड़े हिस्से में मूसलाधार बारिश होने लगी। बारिश इतनी तेजी से गिरी कि गुढ़ियारी के अंडरब्रिज सहित शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर घुटनों तक पानी भर गया। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, माना में करीब 4 सेमी. पानी बरसा, वहीं लालपुर में इसका असर सामान्य रहा। शहरी इलाके में भारी मात्रा में पानी बरसा और आंकड़ा 5 सेमी. के करीब पहुंचा।

## खबर संक्षेप



### दुर्गोत्सव में रचनात्मक स्पर्धा के विजेता पुरस्कृत

**रायपुर।** श्रीश्री शारदीय दुर्गोत्सव त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति राजेंद्र नगर द्वारा दुर्गोत्सव के अवसर पर विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मंदिर परिसर में आयोजित इन प्रतियोगिताओं के अंतर्गत शंख वादन, धुनुची नृत्य, मोमबत्ती प्रज्वलन, म्यूजिकल चेयर, पास द बाल आदि का रोमांचक आयोजन किया गया। शंख वादन में प्रथम स्थान पर गोविंद बर्धन, द्वितीय मोनू पटेल, तृतीय अंकिता बर्धन रहीं। इसी तरह धुनुची नृत्य में निशांत बर्धन, सुजाता साहा, गोविंद बर्धन, मोमबत्ती प्रज्वलन में मनराखन, वेदांत बर्धन, कुणाल गोगिया, म्यूजिकल चेयर में आशीष, मयूरी लक्की और पास द बाल प्रतियोगिता में किरण, चिराग व मालती ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विजेताओं को स्वामी परेशानंद महाराज व अन्य संतों तथा समिति के पदाधिकारियों ने पुरस्कृत किया।

### सभी खुदाई कार्यों की जानकारी एप पर अपलोड करें नगरीय निकाय



**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगरीय निकायों को खुदाई कार्यों की जानकारी सी-बड मोबाइल एप पर अनिवार्यतः अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को इस संबंध में परिपत्र जारी किया है। विभाग ने नगरीय निकायों में पदस्थ सभी अभियंताओं को निकायों में चल रहे सभी निर्माण कार्यों की खुदाई की जानकारी मोबाइल एप पर शीघ्र अपलोड करना सुनिश्चित करने कहा है। नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक आर. एक्का ने निकायों को जारी परिपत्र में कहा है कि केंद्रीय संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग द्वारा नगरीय निकाय क्षेत्रों में विभिन्न खुदाई कार्यों जैसे पाइपलाइन, केबल, गैस पाइपलाइन आदि कार्यों के लिए विभिन्न एजेंसियों द्वारा किए जा रहे सड़कों की खुदाई के कार्यों की जानकारी अनिवार्य रूप से सी-बड मोबाइल एप पर अपलोड कराने के लिए निर्देशित किया गया है। दूरसंचार विभाग ने इसके लिए एप का अधिक से अधिक उपयोग करने को कहा है। नगरीय प्रशासन विभाग ने परिपत्र में अवगत कराया है कि नगरीय निकायों, क्षेत्रीय कार्यालयों एवं निकाय स्तर पर एक-एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर उनका पंजीयन सी-बड मोबाइल एप पर किया जा चुका है। इसके लिए समय-समय पर ऑनलाइन प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है। विभाग ने नगरीय निकायों में पदस्थ अभियंताओं द्वारा मोबाइल एप पर निकायों में चल रहे विभिन्न कार्यों की खुदाई की जानकारी अपलोड नहीं करने पर नाराजगी जाहिर करते हुए खुदाई की जानकारी अनिवार्यतः अपलोड करने के निर्देश दिए हैं।

### कर्मचारी से लेकर संसाधन तक उपलब्ध कराएगी एजेंसी

# अब जोन से नहीं, मुख्यालय से होगा सफाई का ठेका, 70 वार्डों के लिए होगी एक ही एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

शहर के 70 वार्डों की सफाई के लिए अब जोन से वार्डवार अलग-अलग ठेके नहीं होंगे। इसके लिए निगम मुख्यालय का स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय से सेंट्रलाइज्ड ऑनलाइन टेंडर करेगा, जिसमें बड़ी कंपनी पूरे शहर के 70 वार्डों के सफाई कार्यों के लिए कलेक्टर दर पर सफाई कर्मचारी, आवश्यक संसाधन अपने खर्च पर उपलब्ध कराएगी।

कार्य आधारित ठेके में 8 घंटे की ड्यूटी सफाई कर्मचारी को करनी होगी। इसी आधार पर उसका भुगतान किया जाएगा, यानी 70 वार्डों में 70 ठेकेदारों की जगह अब केवल एक ठेका एजेंसी पूरे शहर की सफाई व्यवस्था संभालेगी। शासन की मंशानुसार नगर निगम की शहरी सरकार ने हाल ही में एमआईसी की बैठक में इस प्रस्ताव को लेकर प्रारंभिक चर्चा भी की है।

दरअसल शहर के विभिन्न वार्डों में सफाई ठेके को लेकर निर्धारित संख्या से कम संख्या में ड्यूटी पर सफाई कर्मचारी पाए जाने और सफाई कार्य में कोताही बरतने की शिकायत आम हो गई है। निगम प्रशासन हर महीने करीब 7 करोड़ रुपए शहर के 70 वार्डों की सफाई के एवज में अलग-अलग ठेका एजेंसियों को भुगतान करता है।

इसके बावजूद शहर की सफाई अपेक्षा अनुरूप नहीं हो रही है। ऐसे में राज्य शासन रायपुर नगर निगम में केंद्रीकृत सफाई सिस्टम पर जोर दे रहा है, यानी आने वाले दिनों में जोन से वार्डों के लिए अलग-अलग सफाई ठेका न होकर मुख्यालय से सफाई कार्य के लिए ऑनलाइन टेंडर कर एक एजेंसी तय की जाएगी। इस नई व्यवस्था से सफाई कार्य की मॉनिटरिंग जहां आसान होगी, वहीं सफाई कार्य के भुगतान में गड़बड़ी पर रोक लगेगी।

### 70 नहीं, अब केवल एक ठेकेदार

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि भिलाई, बिलासपुर, कोरबा, जगदलपुर ,अंबिकापुर नगर निगम में पूरे शहर के लिए सेंट्रलाइज्ड टेंडर कर केवल एक ही एजेंसी से शहर की सफाई कराने का बेहतर परिणाम मिला है। अब रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों की सफाई व्यवस्था के लिए बड़ी एजेंसी ऑनलाइन टेंडर कर तय की जाएगी। इससे कार्य में पारदर्शिता आएगी और वार्डों में सफाई कार्य की मॉनिटरिंग संबंधित जेडएचओ के माध्यम से कराई जाएगी, यानी हर वार्ड के लिए एक अलग ठेकेदार की जगह 70 वार्डों के लिए एक साथ सेंट्रलाइज्ड ठेका होगा, जिसमें पापुलेशन और वार्ड वाइज सफाई का प्लान बनेगा।



### ठोस रणनीति बनाकर करेंगे काम

एमआईसी की बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था केंद्रीकृत करने पर चर्चा हुई है। शासन की मंशानुसार आने वाले दिनों में ठोस रणनीति बनाकर इस पर कार्य किया जाएगा। वार्डों की सफाई में निर्धारित संख्या से कम सफाई कर्मचारी मिलने की शिकायत आती रही है, इस पर कड़ाई बरतेंगे। *- मीनल चौबे, महापौर, नगर निगम*

### सेंट्रलाइज्ड टेंडर से ये होंगे फायदे

- ठेका पर रखे सफाई कर्मचारी को 8 घंटे ड्यूटी करनी होगी, हाजिरी लगाने के बाद काम से गैरहाजिर रहने की परिपाटी बंद होगी।
- एक ही तरह की गणवेश में दिखेंगे सफाई कर्मचारी, पहचान करना होगा आसान।
- सफाई के लिए अलग से बनेगा रूट चार्ट
- सफाई ठेका के नाम पर मनमानी पर लगेगा ब्रेक
- रामकी की तर्ज पर केवल एक बड़ी एजेंसी 10 जोन के 70 वार्डों को करेगी कवर।

# सट्टे में हारा तो रकम की भरपाई करने कारोबारी ने रची लूट की फर्जी कहानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी की घनी आबादी में डेढ़ करोड़ रुपए के चांदी के जेवरों की लूट की फर्जी कहानी गढ़कर सनसनी फैलाने वाले



कारोबारी के झूठ का आखिरकार पर्दाफाश हो गया। कारोबारी ने सट्टे में हार की भरपाई के लिए लूट को अंजाम दिया था। हाल के दिनों में लूट की इसी तरह के और कई घटनाएं हो चुकी हैं। उन मामलों में भी कारोबारियों द्वारा सट्टे की रकम की भरपाई करने लूट की फर्जी कहानी गढ़ी गई थी।

उत्तरप्रदेश निवासी राहुल गोयल ने शनिवार को कोतवाली थाने में अज्ञात बदमाशों द्वारा बंधक बनाकर डेढ़ करोड़ रुपए के चांदी के जेवर लूटकर ले जाने की थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। कारोबारी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की।

### चार दिन पूर्व गायब कर दिया था डीवीआर

पुलिस के मुताबिक, राहुल ने घटना के चार दिन पूर्व अपने कमरे में लगा डीवीआर निकालकर फेंक दिया था। इस वजह से पुलिस को घटनास्थल के आसपास बदमाशों का कोई सीसीटीवी फूटेज नहीं मिला। पुलिस के अनुसार राहुल ने एक माह पूर्व से जेवर गायब करने प्लानिंग की थी।

### पुलिस का ये कहना है

पुलिस के तर्क के अनुसार, राहुल चेन फाउंडेशन ऑफ आगरा में चांदी के जेवर बेचने कमीशन एजेंट के रूप में काम कर रहा था। वह पूर्व में ईंट भट्ठे का संचालन करता था। ईंट भट्ठे में नुकसान होने पर उसने कमीशन पर चांदी बेचने का काम शुरू किया। बावजूद इसके नुकसान की भरपाई नहीं होने पर राहुल अलीगढ़ में सट्टा खेलने लगा। सट्टे में भी नुकसान होने पर वह अप्रैल माह से धीरे-धीरे कर चांदी के जेवर बेचकर नुकसान की भरपाई करने लगा।

### सालभर में फर्जी लूट की यह तीसरी वारदात

सट्टा तथा अन्य देनदारियों की भरपाई करने राजधानी में एक साल के भीतर यह तीसरी वारदात है। दो माह पूर्व अगस्त में बोरिंग पाट्र्स के कारोबारी चिराग जैन ने 15 लाख रुपए फर्जी लूट की कहानी गढ़ी थी। पड़ताल करने पर पुलिस ने पाया कि चिराग पर एक करोड़ रुपए की देनदारी थी। इस वजह से उसने फर्जी लूट की कहानी गढ़ी। इसी तरह पिछले वर्ष एक रियल एस्टेट के सुपरवाइजर ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर 20 लाख रुपए की फर्जी लूट की थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। बताया जा रहा है, मनोज ने सट्टे की रकम की भरपाई करने अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी लूट की कहानी गढ़ी थी।

## सतगुरु बाबा किशनपुरी साहब का वर्सी महोत्सव शुरू, दुग्धाभिषेक पंचामृत से कराया स्नान



**रायपुर।** पुरानी बस्ती लिली चौक स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर मढ़ी के 23 वें पातशाही श्रीश्री 1008 सतगुरु किशनपुरी साहेब का तीन दिवसीय 35वां वर्सी महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर भोपाल के संत सांई तुलसीदास, रीवा के संत सांई हंसदास विशेष रूप से वर्सी महोत्सव में शामिल होने के लिए रायपुर पहुंचे और सुबह से ही सभी कार्यक्रमों में शामिल हुए। इसके बाद दोनों संतों ने अपनी अमृतवाणी में भक्तों को रसपान कराया, सत्संग के माध्यम से भक्त और गुरु का रिश्ता कितना पवित्र अनमोल होता है और कितना मजबूत होता है, इसके बारे में कई दृष्टांत के साथ विस्तार से समझाया। यह जानकारी सेवादार किशोर आहूजा और विजय दुसेजा ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के पहले दिन रविवार को सतगुरु बाबा किशनपुरी साहेब को दुग्धाभिषेक पंचामृत से स्नान कराया गया। इसके बाद नए वस्त्र धारण कराए गए और विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना तथा आरती भी की गई। इसी दौरान सभी भक्तजनों के लिए अग्रसेन धाम में आम भंडारा रखा गया, जहां बड़ी संख्या में भक्तों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया।

# दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का कार्य पूरा 926 प्रतिमाएं कुंड में विसर्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के महादेवघाट खारुन नदी के पास स्थित नगर निगम के विसर्जन कुंड में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन रविवार की सुबह पूर्ण हुआ।

- **महानवमी के दिन शुरू हुआ था विसर्जन का सिलसिला, रविवार सुबह भी प्रतिमा विसर्जित**

महानवमी से लेकर अब तक कुंड में 926 दुर्गा प्रतिमाएं ससम्मान विसर्जित की जा चुकी हैं। कुंड में जमा ढांचों को निकालने का काम लगातार चल रहा है। इसके चलते कुंड के चारों ओर बांस-बल्ली, पैरा, रस्सी, पूजन में प्रयुक्त सामग्री, थर्माकोल सहित अन्य अवशेषों का ढेर लगा हुआ है। कुंड से गंदा पानी और जमा मिट्टी निकालने का कार्य भी जल्द शुरू होगा।

नगर निगम जोन-8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल की देखरेख में महादेवघाट के विसर्जन कुंड से दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद ढांचा निकालने का काम कराया जा रहा है। क्रेन की मदद से कुंड में जमा हुए ढांचे बाहर निकाले जा रहे हैं। साथ ही अब विसर्जन कुंड में जमा मिट्टी और गंदे पानी को साफ करने जल्द काम शुरू होगा। गंदे पानी को खाली कराकर कुंड की सफाई की जाएगी। जोन-8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने बताया कि रविवार की सुबह अंतिम दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए कुंड स्थल पर लाई गई। अब कुंड की सफाई पर जोर दिया जा रहा है।



### तीन पालियों में ड्यूटी 90 गोताखोर लगाए

विदित हो कि दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान तीन पालियों में जोन स्तर के अधिकारी-कर्मचारियों की प्रशासनिक स्तर पर ड्यूटी लगाई गई। साथ ही मूर्तियों के सुरक्षित व सम्मानजनक तरीके से विसर्जन के लिए 90 गोताखोर उपलब्ध कराए गए। विसर्जन का कार्य सुचारू रूप से चलता रहे, इसके लिए नगर निगम ने 7 क्रेन की व्यवस्था की थी। इनमें से 5 मशीनें विसर्जन और 2 क्रेन कुंड से ढांचे निकालने के लिए लगाई गईं।

# मंत्री गुरु खुशवंत की नई टीम जितेंद्र बने विशेष सहायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब की निजी स्थापना में नई कार्यसंरचना को स्वीकृति प्रदान की है। शासन द्वारा तीन अधिकारियों की पदस्थापना संबंधी आदेश जारी किए गए हैं।

### जितेंद्र बने विशेष सहायक

राज्य शासन द्वारा जारी आदेशानुसार जितेंद्र कुमार साहू, संयुक्त आयुक्त, विकास आयुक्त कार्यालय, नवा रायपुर अटल नगर को विशेष सहायक के रूप में पदस्थ किया गया है। वे मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब की नीतिगत, प्रशासनिक एवं विभागीय गतिविधियों में प्रमुख भूमिका निभाएंगे। इसी क्रम में यशवंत टंडन, पंचायत सचिव, जनपद पंचायत आरंग (जिला रायपुर) को मंत्री गुरु खुशवंत साहेब की निजी स्थापना में निज सचिव के पद पर पदस्थ किया गया है। श्री टंडन अब मंत्री के दैनिक कार्यक्रमों, बैठकों और विभागीय समन्वय कार्यों की सीधी निगरानी एवं संचालन करेंगे। इसके अलावा सबेरा शर्मा, सहायक प्रबंधक (खाद्य शाखा), कलेक्टर कार्यालय मुंगेली को मंत्री की निजी स्थापना में निज सहायक के रूप में पदस्थ किया गया है। वे पत्राचार, फाइल प्रबंधन और दफ्तरी कार्यों के समन्वय की जिम्मेदारी निभाएंगे।

### पेंशन हितग्राहियों के लिए आधार शिविरों का आयोजन

**दंतेवाड़ा।** शासन के निर्देशानुसार सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित केंद्रीय पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का ऑनलाइन सत्यापन कार्य जिले के सभी ग्रामीण एवं नगरीय निकायों में जारी है। इस प्रक्रिया के दौरान अनेक पेंशनधारियों को आधार अपडेट से संबंधित कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में आधार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों की शुरुआत 7 अक्टूबर को नगर पालिका दंतेवाड़ा क्षेत्र से होगी, जहां दुर्गा मंच, आंवराभाटा में आधार शिविर लगाया जाएगा। इसके बाद 8 अक्टूबर को नगर पंचायत बारसूर में सांस्कृतिक भवन में शिविर आयोजित किया जाएगा। 9 अक्टूबर को दो स्थानों पर नगर पंचायत गीदम सांस्कृतिक भवन, वार्ड क्रमांक 3 तथा नगर पालिका किरन्दुल मंगल भवन, वार्ड क्रमांक 3 में शिविर आयोजित होंगे। अंत में 11 अक्टूबर को नगर पालिका बड़े बचेली क्षेत्र में मंगल भवन, आर.ई.एस. कॉलोनी, बचेली में आधार शिविर लगाया जाएगा। प्रत्येक शिविर में निर्धारित आधार ऑपरेटरों की टीम पेंशनधारियों के आधार अपडेट एवं सत्यापन का कार्य करेगी।

**तकनीकी मूल्यांकन में 50 अंक पाने थे अनिवार्य, टेंडर जमा करते ही नियम शिथिल**

# गढ़कलेवा का चीला-फरा विवादों में उलझा टेंडर की शर्त बदलने का आरोप, जमकर विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गढ़कलेवा के संचालन के लिए तीन साल विलंब से जारी हुए टेंडर में गड़बड़ी के आरोप लगने लगे हैं। कुछ महिला स्वसहायता समूहों ने आरोप लगाया है कि संस्कृति विभाग के जिम्मेदार मनचाहे समूह को काम दिलाने के लिए गुपचुप तरीके से शर्तों में फेरबदल की हैं। 80 अंक के तकनीकी मूल्यांकन में 50 अंक पाने वालों को पात्र मानकर टेंडर जमा कराया गया और दूसरे दिन नियम को गुपचुप तरीके से बदल दिया गया। इसके अलावा समूह विशेष ने नियम का उल्लघंन कर ठेका हथियाने पांच समूहों के साथ मिलकर आवेदन कर दिया।

लोगों को छत्तीसगढ़िया व्यजंनों का स्वाद चखाने के लिए वर्ष 2016 में संस्कृति विभाग द्वारा सिविल लाइंस स्थित गढ़कलेवा का संचालन चार




साल तक बिना किराया लिए किया गया था। इसके विरोध में आवाज उठी तो 10 हजार रुपए किराया तय किया गया। अगस्त 2022 में संचालक महिला स्वसहायता समूह से अनुबंध समाप्त हो गया। इसके बाद कभी कोरोना तो कभी अन्य तकनीकी कारणों का हवाला देकर समिति को तीन साल एक्सटेंशन का लाभ दिया गया। पिछले माह नई संचालन समिति तय करने टेंडर जारी किया गया, जो विवादों में आ गया। आरोप लगाया गया है कि निविदा आमंत्रित करने जो शर्तें तय की गई थीं, उसे बिना किसी पूर्व सूचना के बदल दिया गया। तकनीकी योग्यता में न्यूनतम 50 अंक अर्जित करने के बजाय टेंडर में शामिल सभी को प्रैक्टिकल यानी खानपान की परीक्षा में शामिल होने का मौका दिया गया। आरोप ये हैं कि विशेष स्वसहायता समूह ने सिंडिकेट बनाकर टेंडर में हिस्सा लिया, जिन्हें प्रैक्टिकल में शामिल करने के लिए नियम को शिथिल किया गया।

### टेंडर प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी नहीं

गढ़कलेवा के संचालन के लिए नियमानुसार टेंडर की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसमें किसी तरह की गड़बड़ी नहीं हुई है। पूर्व में प्रायोगिक मूल्यांकन में केवल पांच समितियों को मौका दिया जाता था। इस बार निविदा में अधिक समितियों की भागीदारी को देखते हुए सभी को प्रायोगिक मूल्यांकन के लिए पात्र माना गया है। इनमें जिस समूह की दर अधिकतम होगी, उसे ठेका दिया जाएगा। *- विवेक आचार्य, संचालक, संस्कृति विभाग*

### निष्पक्ष निविदा की मांग

गढ़कलेवा के संचालन के लिए जारी किए गए टेंडर में गड़बड़ी और विशेष समूह को लाभ देने का आरोप लगाने वाले अन्य स्वसहायता समूह से पायल तिवारी, रानी अग्रवाल, महिमा शर्मा एवं नेहा उपाध्याय सहित अन्य महिलाओं ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। उनका कहना है कि वर्तमान में पूरी की जा रही टेंडर प्रक्रिया रद्द की जानी चाहिए। इसके लिए तय की गई शर्तों की जांच कर पुनः निविदा जारी की जानी चाहिए। इसके अलावा अभी संयुक्त रूप से गढ़कलेवा का संचालन करने वाली समिति के वित्तीय लेनदेन की जांच होनी चाहिए।

# भाजपा ने 2 साल में छत्तीसगढ़ को अवैध शराब-नशे का गढ़ बना दिया

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा ने 2 साल में छत्तीसगढ़ को अवैध शराब और नशे का गढ़ बना दिया है। आज प्रदेश में गली-गली में अवैध शराब बिक रही है। भाजपा के राज में छत्तीसगढ़ नशे के मामले में पंजाब, गुजरात और पश्चिम बंगाल को पीछे छोड़ चुका है। सभी शहरों के आउटर के कैफे तो युवाओं को नशा परोसने का केंद्र बन चुके हैं। पुलिस इन्हें रोकने के बजाय सहयोगी बनी हुई है।



- **नशे के कारोबार पर रोक लगाने में विफल है सरकार**

कांग्रेस की सरकार थी, तब वर्षों से चल रहे हुक्का बार बंद कराए गए थे। राज्य में सूखे नशे के कारोबार को पूरी तरह समाप्त किया गया था। भाजपा की सरकार बनने के बाद एक बार फिर से नशे का कारोबार तेजी पर है। उन्होंने कहा, सरकार नशे के कारोबार पर रोक लगाने में विफल साबित हो रही है। सरकार और पुलिस की मिलीभगत के कारण ही प्रदेश के युवा नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। पिछले दो साल में शराब, गांजा, अफीम, हेरोइन जैसे नशे के कारण प्रदेश की युवा पीढ़ी में इसकी लत महामारी का रूप ले चुकी है। चंद पैसों के लिए सत्तासीन लोग नशे के बढ़ते कारोबार को रोकने के बजाय संरक्षण दे रहे हैं। कांग्रेस की सरकार थी, तब नशे के कारोबार को पूरी तरीके से समाप्त कर दिया गया था।

**खबर संक्षेप**

### क्विज प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाया जमकर उत्साह

**जगदलपुर।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से लालबाग मैदान में प्रदर्शनी जनसंपर्क विभाग ने लगाया है। प्रदर्शनी स्थल में नागरिकों, विद्यार्थियों और युवाओं के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने शासन की योजनाओं से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देकर जागरुकता का परिचय दिया। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। जनसंपर्क विभाग के उप संचालक कमल बघेल ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य आमजन में सरकारी योजनाओं के प्रति जानकारी और भागीदारी को बढ़ाना है ताकि योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लोगों तक पहुंच सके।

### उतम बने सहकारी समिति कर्मचारी कल्याण संघ के दूसरी बार जिलाध्यक्ष

**जगदलपुर।** सहकारी समिति कर्मचारी कल्याण संघ बस्तर के वार्षिक आम सभा में सर्व सम्मति से जिलाध्यक्ष उतम सेठिया, उपाध्यक्ष सुकमन यादव, सचिव सोनू राव, कोषाध्यक्ष सदानंद सेठिया, सह सचिव सुदराम सेठिया एवं कार्यकारीणी सदस्य महेश देवांगन तथा रूपनाथ पानीग्राही को चुना गया। दूसरी बार जिलाध्यक्ष का दायित्व निभाने और भरोसा जताने पर अध्यक्ष ने सबका आभार माना।

### बस्तर दशहराः मावली माता की भव्य विदाई होगी आज

**जगदलपुर।** बस्तर दशहरा की अंतिम रस्म मावली माता की विदाई मंगलवार को होगी। दशहरा समिति द्वारा ससम्मान व भव्य विदाई की तैयारी कर ली गई है। विदाई के दौरान दन्तेवाड़ा तथा जगदलपुर के दन्तेश्वरी मंदिर के प्रमुख पुजारी, राजपरिवार, राजपुरोहित, राजगुरू, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, दशहरा समिति के पदाधिकारी, समाज प्रमुख सहित अन्य बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होते हैं। मांई जी के सम्मान में पुलिस बैंड के घ्वनि के बीच सशस्त्र बल के द्वारा सलामी दी जाएगी। दंतेश्वरी मंदिर से जियाडेरा तक पूरे सड़क को पानी से धुलवाकर सफाई की जाएगी और सड़क के दोनों ओर श्रद्धालु देवी की डोली को विदा करने मौजूद रहेंगे। जियाडेरा से वाहन में सवार कर दंतेवाड़ा रवाना किया जाएगा।

# सरायपाली में सांसद खेल महोत्सव का आगाज 11 को

## सामूहिक खेलों में खो-खो, कबड्डी एवं बॉलीबॉल तथा व्यक्तिगत खेलों में 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौंड, गोलाफेंक, भालाफेंक, लंबीकूद, ऊंचीकूद, गेड़ी दौड़ शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 3 चरण में आयोजित किया जाना है। प्रथम चरण में संकुल स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन कुल 30 स्थानों में आयोजित किया जाएगा। जिसमें ग्रामीण 25 एवं शहरी 05 कुल 30 संकुल का चयन किया गया है। विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में संकुल के विजेता टीम एवं विजेता खिलाड़ी अपने-अपने विधानसभा में शामिल होंगे। लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में महासमुंद के 4 विधानसभा सरायपाली, बसना, खल्लारी एवं महासमुंद, जिला गरियाबंद के 02 विधानसभा राजिम एवं बिंद्रानवागढ़ एवं जिला धमतरी के 02 विधानसभा-कुरुद एवं धमतरी कुल 08 विधानसभा शामिल होंगे।

सांसद खेल महोत्सव में सामूहिक खेलों के लिए आयु वर्ग 14 से 19 वर्ष एवं 19 से 24 वर्ष तथा व्यक्तिगत खेलों के लिए आयु वर्ग 14 से 17 वर्ष, 18 से 20 वर्ष एवं 21 से 24 वर्ष के बालक एवं बालिका शामिल होंगे। सामूहिक खेलों में खो-खो, कबड्डी एवं बॉलीबॉल तथा व्यक्तिगत खेलों में 100 मीटर दौंड, 400 मीटर दौंड, गोलाफेंक, भालाफेंक, लंबीकूद, ऊंचीकूद, गेड़ी दौड़ संकुल स्तर पर आयोजित होंगे तथा बैड़मिंटन खेल में पंजीयन कराने वाले प्रतिभागी विधानसभा स्तर पर सीधे शामिल हो सकेंगे जो 22 से 23 नवंबर को विधानसभा सरायपाली से प्रारंभ किया जाएगा। विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन विधानसभा सरायपाली में 22 से 23 नवंबर, विधानसभा बसना में 28 से 29 नवंबर, विधानसभा खल्लारी में 05 से 06 दिसम्बर एवं विधानसभा महासमुंद में 12 से 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित किया जाना संभावित है।

आयोजन की तैयारियों के विषय में चर्चा के लिए सांसद लोकसभा महासमुंद रुपकुमारी चौधरी की उपस्थिति में आयोजित बैठक में खेल कैलेण्डर निर्धारित कर जारी किया गया है। बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महासमुंद हेमंत नंदनवार, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा उपस्थित रहें। जिनके माध्यम से आयोजन में आवश्यक संसाधन, पुरस्कार, प्रमाण-पत्र, परिवहन, भोजन, आवश्यक सामग्री एवं संपूर्ण व्यवस्था पर चर्चा किया गया। संकुल स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन संकुल केंद्र में आयोजित होंगे, जिसमें शामिल संकुल के पंजीकृत ग्राम पंचायत एवं विद्यालय तथा नगरीय क्षेत्र के विद्यालय एवं खिलाड़ी अपने-अपने केंद्र के आयोजन स्थल में पात्रता रखने वाले जिले में अध्यनरत एवं निवासरत प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे। आवश्यकता एवं परिस्थिति अनुसार आयोजन तिथि एवं स्थान में परिवर्तन समिति द्वारा किया जा सकता है।

सकुंल स्तरीय आयोजन जिले में 11 अक्टूबर से 23 नवंबर तक संकुल स्तरीय किया जाएगा। जिसमें 11 से 12 अक्टूबर 2025 को सरायपाली ग्रामीण संकुल के लिए शासकीय आदर्श उमावि सरायपाली एवं शाउमावि तोरेसिंहा सरायपाली में आयोजित होगा। जिसमें ग्रामीण संकुल अंतर्गत ग्राम पंचायत एवं विद्यालय शामिल होंगे। इसी तरह 15 से 16 अक्टूबर को नगर पालिका परिषद सरायपाली के खेल मैदान सरायपाली में आयोजित होगा। जिसमें शहरी क्षेत्र के खिलाड़ी शामिल होंगे। साथ ही शाउमावि कमरौद बागबाहरा एवं झलप संकुल शासकीय मिडिल स्कूल झलप में आयोजन होगा। जिसमें ग्रामीण संकुल के खिलाड़ी शामिल होंगे। 27 से 28 अक्टूबर को नगर पालिका परिषद महासमुंद का आयोजन मिनी स्टेडियम महासमुंद एवं फॉरेस्ट खेल मैदान महासमुंद में आयोजित होगा, जिसमें शहरी महासमुंद एवं नगर पंचायत तुमगांव के प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे। साथ ही सांकरा संकुल का आयोजन खेल मैदान पिथौरा में, भोथलडीह संकुल में शाउमावि भोथलडीह सरायपाली में एवं खल्लारी मेला मैदान खल्लारी बागबाहरा में ग्रामीण क्षेत्र के लिए आयोजित होगा।

इसी तरह 30 से 31 अक्टूबर को बेमचा संकुल का आयोजन मिनी स्टेडियम महासमुंद एवं फॉरेस्ट खेल मैदान महासमुंद में ग्रामीण क्षेत्र के लिए आयोजित होगा एवं इसी तिथि में नगर पालिका परिषद बागबाहरा अंतर्गत सुनसुनिया खेल मैदान बागबाहरा, शाउमावि मोहदा सरायपाली एवं भूकेल संकुल के लिए शाउमावि भुकेल बसना में आयोजित किया जाएगा। 04 से 05 नवंबर को गोपालपुर संकुल के लिए शाउमावि गोपालपुर पिथौरा में, रायतुम संकुल के लिए शाउमावि रायतुम महासमुंद में एवं नगर पंचायत बसना में तथा पिथौरा संकुल (ग्रामीण) का आयोजन खेल मैदान पिथौरा में आयोजित किया जाएगा। 07 से 08 नवंबर को मुनगासेर शाउमावि मुनगासेर में, गढ़फुलझर संकुल शाउमावि गढ़फुलझर बसना में, भुरकोनी संकुल शाउमावि भुरकोनी पिथौरा में एवं तुमगांव संकुल (ग्रामीण) सेजेस तुमगांव महासमुंद में आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा 11 से 12 नवंबर को तेन्दूकोना संकुल शाउमावि तेन्दूकोना बागबाहरा में, शहरी नगर पंचायत पिथौरा संकुल खेल मैदान पिथौरा में, छपोराडीह संकुल शाउमावि छपोराडीह महासमुंद एवं बजेसाजापाली संकुल शाउमावि बजेसाजापाली बसना में आयोजित किया जाएगा। 15 से 16 नवंबर को नर्रा संकुल के शाउमावि नर्रा बागबाहरा में, गनेकेरा संकुल ग्राम नवागांव/गनेकेरा बसना में, गड़बेड़ा संकुल शाउमावि गडबेडा पिथौरा एवं जगदीशपुर संकुल हाईस्कूल खेल मैदान जगदीशपुर पिथौरा में आयोजित होगा तथा 22 से 23 नवंबर को खट्टी संकुल के शाउमावि खट्टी महासमुंद में ग्रामीण क्षेत्र के लिए सांसद खेल आयोजित किया जाएगा।

# संगोष्ठी में भाषाविद् डॉ. चितरंजन बोले- लोकतंत्र में लोक की भूमिका अहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



स्थानीय स्वाध्याय केंद्र में रविवार को 'लोकतंत्र में लोक की भूमिका' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें स्वर्णिम छत्तीसगढ़ के निर्माण में जन सामान्य, साहित्यकारों, विद्वानों और सामाजिक संगठनों की भूमिका पर गहन विमर्श व चिंतन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा आराधना व राजगीत से हुआ। फाउंडेशन के अध्यक्ष दूजेराम धीवर ने संगोष्ठी आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में बढ़ रही अराजकता को सामाजिक चेतना से ही रोका जा सकता है। इसलिए, संगोष्ठी के माध्यम से सामाजिक चेतना जागृत करने का प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाषाविद् डॉ.चितरंजन कर ने कहा कि सामाजिक चेतना जागृत करने के लिए इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए। उन्होंने लोकतंत्र में लोक की महत्ता बताते हुए कहा कि सार्थक, क्रियात्मक और प्रेरणास्पद पहल की आवश्यकता है। हम अपने दायरे में रहकर जो कर सकते हैं, वह निरंतर करते रहे यही लोक की भूमिका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सेवानिवृत्त शिक्षाधिकारी सौरिन चंद्रसेन ने कहा कि हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का बोध होना चाहिए। लोग अपने-अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभाएं। वरिष्ठ साहित्यकार अशोक शर्मा ने लोकतंत्र में लोक की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि जन जागरण के लिए चिंगारी जलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में लोक स्वामी हैं और तंत्र सेवक की भूमिका में हैं। उन्होंने वर्तमान परिवेश पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'अंधेरा कितना भी घना हो, उसकी उम्र एक रात से अधिक नहीं होती। शिक्षाविद् और थिंक आईएएस एकेडमी रायपुर के डायरेक्टर मुरली मनोहर देवांगन ने लोकतंत्र में लोक और तंत्र की परिभाषा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साहित्य मोटी होती जा रही है, भाषा पतली। हमें समय के अनुरूप साहित्य लेखन व शिक्षा में परिवर्तन करते रहना चाहिए। डॉ. साधना कसार ने पीपला फाउंडेशन द्वारा वैचारिक चेतना जागृत करने की पहल की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि समाज में महिलाएं आधुनिक होती जा रही है। इससे परिवार और बच्चों का संस्कार बदल रहा है। आभार वक्तव्य देते हुए मंच संचालक शशांक खरे ने कहा कि लोकतंत्र में लोक की भूमिका जब तक जागरुकता के साथ सुनिश्चित नहीं होगी, लोकतांत्रिक व्यवस्था और सफलता पर सवाल उठते रहेंगे। संरक्षक पारसनाथ साहू ने किसानों की पीड़ा और नशा की लत से बिखरते परिवार को बचाने में लोक की भूमिका रेखांकित की। शिक्षाविद् छत्रधारी सोनकर ने आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि भीड़ तंत्र और दल तंत्र से लोकतंत्र प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक जागरुकता का पर्याय शिक्षा व्यवस्था अब स्वार्थ का पर्याय बनकर रह गया है। लोगों को जागरूक होना ही पड़ेगा। संगोष्ठी में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी टिकवेंद्र जाटवर ने भी सारगर्भित उद्बोधन दिया।

प्रादेशिक संगोष्ठी के आयोजन और संयोजन में फाउंडेशन से अध्यक्ष दूजेराम धीवर, संयोजक महेंद्र कुमार पटेल, कोषाध्यक्ष कोमल लाखोटी, सचिव अभिमन्यु साहू, समाजसेवी शेखर चंद्राकर, सक्रिय सदस्य यादेश देवांगन, राहुल पटेल, समाजसेवी तिलक साव, सुरेंद्र मानिकपुरी, गोवर्धन साहू, कमलेश साहू, यशस्वी, साक्षी, भूमि, हिमांशी, भूजल, उज्ज्वल व दीपक पटेल की अहम भूमिका रही। सभी ने फाउंडेशन द्वारा सामाजिक चेतना जागृत करने संगोष्ठी आयोजन की पहल की सराहना की। संगोष्ठी का संचालन दूरदर्शन व आकाशवाणी के अनाउंसर शशांक खरे ने किया। इस अवसर पर माधुरी कर, पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल, डॉ सविता चंद्राकर, समाजसेवी त्रिपुरारी पटेल, टेकराम सेन, पोखनदास मानिकपुरी, उमाशंकर पांडे, प्रमोद धीवर, द्रौपदी साहू, ओम पटेल सहित बड़ी संख्या में साहित्यकारों, चिंतकों और नागरिकों की उपस्थिति रही।

# बिरनपुर मामला भाजपा की सोची समझी साजिश : संदीप साहू




हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

बिरनपुर मामले में सीबीआई ने विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल किया है। चार्जशीट के अनुसार बिरनपुर मामले में भाजपा ने सांप्रदायिक और जातीय कार्ड खेला था। विवेचना में स्पष्ट हुआ कि यह घटना दो बच्चों के झगड़े से शुरू होकर दो परिवारों तक पहुंचा और बाद में यह दो समुदायों का झगड़ा बन गया। सीबीआई ने अपनी जांच में यह भी पाया कि यह एक मामूली झगड़ा था।

उक्त बातें कसडोल विधायक संदीप साहू ने प्रेसवार्ता में कहीं। विधायक संदीप ने कहा कि सीबीआई जांच के बिंदु भाजपा सरकार ने तय किया था। यदि, जांच के बिन्दु में घटना के बाद राजनैतिक षडयंत्र होता तो भाजपा बेनकाब हो जाती। बिरनपुर मामले में सीबीआई की चार्ज शीट से साफ हो गया कि उस समय भाजपा ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार और कांग्रेस पार्टी पर जो आरोप लगाया था, यह झूठा था। यह आरोप भाजपा की चुनावी लाभ लेने के उद्देश्य से की गई राजनैतिक साजिश थी। सीबीआई की चार्जशीट ने भाजपा का काला चेहरा सामने रख दिया। भाजपा ने उस समय घटना को सांप्रदायिक और जातीय रंग दे कर राजनैतिक लाभ लेने का षडयंत्र रचा था। विधायक साहू ने कहा कि तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अरुण साव घटना के बाद वहाँ जाकर पूरे घटना क्रम को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किए और उसमें वे सफल भी रहे। अरुण साव जब घटना स्थल गये थे, तब उनके सामने आगजनी की गयी थी। ये वहां पर भड़काऊ भाषण दिया गया। इस मामले को लेकर भाजपा ने एक समाज को कांग्रेस के खिलाफ भड़काने का प्रयास किया। भाजपा ने मृतक भुनेश्वर के पिता ईश्वर साहू को टिकिट देकर सहानुभूति बटोरने की साजिश की। सीबीआई की जांच से यह भी साफ हो गया कि उस समय कांग्रेस की सरकार ने जो कार्रवाई की, उक्त घटना के लिए जिम्मेदार मानकर जिन लोगों की गिरफ्तारियां की। वह सही थी, भाजपा ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण का झूठा और मनगढंत आरोप लगाया था। इससे साफ है कि बिरनपुर मामला भाजपा की सोची समझी साजिश थी।

### यह रहे मौजूद

प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, विधायक चातुरी नंद, कांग्रेस शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, नगर पालिकाध्यक्ष निखिलकांत साहू, गुरमीत चावला, लक्ष्मी देवांगन, ढेलू निषाद, प्रदीप चंद्राकर, ममता चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, भानू सोनी आदि मौजूद रहे।

## पेज 09 के शेष...

### खेल से जिंदगी में अनुशासन...

छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने खिलाड़ियों प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल हमारी शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन है, बल्कि यह हमारे मानसिक और नैतिक विकास का भी प्रतीक है। जिला हैण्डबाल संघ के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर ने कहा कि खेलों में हार-जीत से बढ़कर हमारे अंदर की क्षमता, मेहनत और आत्मविश्वास मायने रखता है, जो खिलाड़ी मैदान में उतरते हैं, वे पहले से ही विजेता होते हैं, क्योंकि उन्होंने अपने डर और कमजोरियों पर विजय प्राप्त की होती है। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि खेल केवल जीत या हार का माध्यम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, परिश्रम, आत्मविश्वास और टीम भावना का पाठ पढ़ाता है। मैदान में खेलते हुए खिलाड़ी न केवल अपने जिले या संस्थान का प्रतिनिधित्व करते हैं, बल्कि अपने राज्य और राष्ट्र की प्रतिष्ठा को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाते हैं।

खेलों में आपकी लगन, संघर्षशीलता और निष्ठा ही आने वाले समय में ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में परचम लहराएगी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। उनके द्वारा शिक्षा विभाग को आवश्यक सुविधाएं मुहैय्या कराने के निर्देश दिए। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, कल्पना सूर्यवंशी, राजू चंद्राकर, संदीप घोष, महेंद्र जैन, संदीप दीवान, रमेश साहू, प्रकाश शर्मा, पीयूष साहू, माखन पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, खेल से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, खिलाड़ी और खेल प्रेमी जन मौजूद थे।

इसी तरह रग्बी प्रतियोगिता में 17 वर्ष बालक/बालिका शामिल होंगे। जिसमें 6 अक्टूबर को शाम 4 बजे सरगुजा एवं रायपुर, बिलासपुर एवं दुर्ग के मध्य मैच खेला जाएगा। 7 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक सरगुजा एवं बिलासपुर, बस्तर एवं रायपुर के मध्य तथा शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक रायपुर एवं दुर्ग तथा बिलासपुर एवं बस्तर के बीच मैच होगा। 8 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक बस्तर एवं सरगुजा तथा सरगुजा एवं दुर्ग के मध्य व शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक रायपुर एवं बिलासपुर तथा दुर्ग एवं बस्तर के मध्य रग्बी खेल का आयोजन होगा। अंतिम मैच 8 अक्टूबर को शाम 6 बजे सेमी फाइनल विजेता टीमों के मध्य होगी।

### स्वच्छ भारत मिशन...

जिले में लगभग 551 गांवों में सामुदायिक शौचालयों बनाए गये हैं जिसके हालत भी खस्ता है। कई जगह तो निर्माण के बाद से ही उन पर ताला लगा हुआ है। ग्रामीण महिलाओं के लिए यह सबसे बड़ी समस्या है। इन शौचालयों पर लटके ताले केवल एक इमारत की बदहाली नहीं, बल्कि सरकारी तंत्र की उदासीनता को दर्शाते हैं। स्वच्छ भारत मिशन का दूसरा चरण ओडीएफ-प्लस गांवों में स्वच्छता और सामुदायिक परिसरों पर ज़ोर देता है, लेकिन ज़मीनी स्तर पर पहले चरण के निर्माण को भी सहेज कर नहीं रखा जा सका है।

### गाड़ियों की बैटरी हो...

क्रमांक सीजी 06 जीएक्स 1518 को खड़ी थी। 22 सितंबर की सुबह 06 बजे देखा तो दोनों गाड़ियों में बैटरी नहीं था। वहीं 3 अक्टूबर की रात 8 बजे टाटा एस छोटा हाथी क्रमांक सीजी 06 4526 को अंबेडकर चौक महासमुंद ओवरब्रिज के नीचे रखा गया था, 4 अक्टूबर की सुबह 06 बजे देखा तो उसमें लगी बैटरी नहीं थी । उक्त वाहनों में लगे 03 नग बैटरी को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिए। मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बिजली बिल हाफ योजना...

पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्ण चंद्राकर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बीजेपी के सरकार को आम नागरिकों के दुख दर्द से कोई सरोकार नहीं है, ये सरकार व्यापारीयो कि सरकार है। और मांग की कि "बिजली बिल हाफ योजना बहाल करो", "जनता पर महंगाई का बोझ बंद करो" जैसे नारे लगाकर अपना विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि सरकार शीघ्र ही बिजली बिल हाफ योजना" को पुनः लागू नहीं करती और बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी को वापस नहीं लेती, तो आने वाले समय में कांग्रेस जन आंदोलन को और तेज करेगी। प्रदर्शन के पश्चात कांग्रेसजनों ने कार्यपालन अभियंता (विद्युत वितरण केंद्र) को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया।

**धरना प्रदर्शन में ये रहे मौजूद :** घेराव में खिलावन बघेल अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी एवं पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन, निखिलकांत साहू नगर पालिका अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, कृष्ण चंद्राकर पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष, हीरा बंजारे पूर्व मंडी अध्यक्ष, अमर अरुण चंद्राकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य, प्रदीप चंद्राकर महामंत्री, गौरव चंद्राकर महामंत्री, गुरमीत चावला महामंत्री, अन्नू चंद्राकर पूर्व सरपंच, कविता तिवारी, सोनम रामटेके, पूर्व एल्डरमैन सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, तबरेज खान, शकील खान, देवेश शर्मा, तुलसी साहू, अजय थवाईत, सचिन गायकवाड़, शाहबाज रजवानी एनएसयूआई जिला अध्यक्ष, प्रकाश अजमानी, मनोहर ठाकुर, चंद्रेश साहू, लीलू साहू, कमल प्रजापति, राजा सोनी, दिनेश दुबे, सुरेंद्र ठाकुर, बसंत चंद्राकर, रत्नेश साहू, नूकेश महंत, भानू सोनी इत्यादि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाया गया...

शरद पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है, और यह मान्यता है कि इस रात देवी लक्ष्मी धरती पर भ्रमण कर यह देखती हैं कि कौन जाग रहा है। इसी विश्वास के साथ, जिले के घरों और मंदिरों में रात भर भजन-कीर्तन और जागरण का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा की, सुख-समृद्धि और आरोग्य का आशीर्वाद मांगा।

# कांग्रेसजनों ने किया बिजली कार्यालय का घेराव एवं तालाबंदी

**सरायपाली।** प्रदेश में लगातार बढ़ते बिजली दरों, अघोषित कटौती और "बिजली बिल हाफ योजना" को बंद करने के खिलाफ आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सरायपाली में ब्लाक कांग्रेस कमेटी सरायपाली द्वारा बिजली विभाग कार्यालय सरायपाली का घेराव एवं तालाबंदी किया गया।

सरायपाली विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्तागण और आमजन बड़ी संख्या में सुबह जयस्तंभ चौक में एकत्र हुए, जहां से बिजली विभाग तक पदयात्रा (मार्च) निकाली गई। मार्च के दौरान "बिजली बिल हाफ करो – जनता से अन्याय बंद करो", "भाजपा सरकार मुर्दाबाद" और "वोट चोर गद्दी छोड़ऱ जैसे नारों से पूरा सरायपाली गुंजायमान रहा। कांग्रेसी बड़ी संख्या में बिजली विभाग पहुंचकर बिजली विभाग के कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान विधायक चातुरी नंद ने बिजली विभाग के अधिकारियों को अघोषित बिजली कटौती सहित कई मुद्दों पर जमकर फटकार लगाई।

इस दौरान कांग्रेसियों में बिजली विभाग में ताला जड़कर जमकर नारेबाजी की। कांग्रेसियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से बंद की गई बिजली बिल हाफ योजना को तत्काल पुनः प्रारंभ करने, बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी वापस करने एवं ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती तत्काल रोकने की मांग की।




जय स्तंभ चौक में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता से किए गए वादों को तोड़ दिया है। 'बिजली बिल हाफ योजना' जो आम जनता को राहत देती थी, उसे बंद कर दिया गया। अब हर घर बढ़ते बिलों से त्रस्त है। किसान परेशान हैं, व्यापारी और छोटे उद्योग प्रभावित हैं, और अघोषित बिजली कटौती ने हालात को और बदतर बना दिया है। कांग्रेस जनता के हक और हक़ीक़त की लड़ाई सड़कों पर लड़ेगी, विधानसभा में लड़ेगी, जब तक जनहित की योजनाएं बहाल नहीं होतीं, तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा।" उन्होंने आगे कहा केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारें पूंजीपतियों के हित में काम कर रही हैं। जनता की परेशानियों को नजरअंदाज किया जा रहा है। कांग्रेस हर गांव, हर वार्ड में जन आंदोलन चलाएगी और जनता की आवाज बुलंद करेगी।"

बिजली ऑफिस सरायपाली के घेराव कार्यक्रम में आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, ब्लाक कांग्रेस कमेटी सरायपाली ग्रामीण अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक, तेजराम पटेल, जनपद सदस्य घसिया सिदार, कमल अग्रवाल, रतन बंजारे, केशव चौधरी, परमानंद नायक, गोपाल अग्रवाल, विजय यादव, विधायक प्रतिनिधि डॉ बिरांची बेताल, भरत मेश्राम, सुरेश भोई, तन्मय पंडा, दीपक साहू, भगत राम पटेल, नीलांबर सोनी, विजय शंकर पटेल, सुरेश पटेल, प्रमोद ग्वाल, परशु चौहान, दयाराम चौहान, चित्रसेन नायक, हेतराम पटेल, नीलांबर सोनी, श्रवण पटेल, सत्या भोई, विक्की वैष्णव, संजय पंडा, सूर्या पटेल, दुर्योधन चौहान, यूंका विधानसभा अध्यक्ष पंकज बीसी, टोपचंद पटेल, निर्मल बढ़ई, अनिल पटेल, केशव अग्रवाल, मयंक यादव, जावेद खान, चतर्भुज डड़सेना, कृष्णा सेठ, चंद्रभानु बारीक, नसीब खान, विवेक अग्रवाल, सौरभ सतपथी, अजहर खान, कुशल चौहान, अनस खान, भावेश पटेल, निखिल बंछोर, प्रखर शर्मा, प्रत्युमन शर्मा, आकाश अग्रवाल, इकराम खान, अजय यादव, शरद यादव सहित कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मोंहदा में हुआ सामाजिक अंकेक्षण का कार्यक्रम

**अरंड (पिथौरा)।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत 6 अक्टूबर 2025 सोमवार को शासकीय प्राथमिक शाला मोंहदा में ग्रामवासी व पालकों की उपस्थिति में बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता परखने के लिए सामाजिक अंकेक्षण का कार्यक्रम हुआ। जिसमें सभी कक्षाओं के बच्चों ने भाग लिया। सामाजिक अंकेक्षण प्रभारी राजेंद्र कुमार ठाकुर व पालकों द्वारा बच्चों के शैक्षणिक गुणवत्ता स्तर जानने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रश्नों से बच्चों के शैक्षणिक स्तर को परखा तथा बच्चों के पढ़ाई स्तर से संतुष्ट हुए। इस कार्यक्रम में प्रभारी हेडमास्टर हरिशंकर पटेल, सहायक शिक्षिका चंद्रकांति ठाकुर तथा पालकों में बैजंती यादव, सत्या यादव, सविता ठाकुर, सावित्री गोस्वामी एवं कामताप्रसाद यादव, देवनारायण यादव, शाखाराम पटेल, मनशाराम बरिहा, मानसिंह गोंड, बलराम खड़िया सक्रिय रूप से भाग लिए तथा बच्चों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### भारत का दो माह से बिजली बिल माइनस में

**महासमुंद।** भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हो रही है। इस योजना का उद्देश्य देश के आवासीय परिवारों को अपनी बिजली स्वयं उत्पन्न करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके अंतर्गत 5 किलोवाट तक के सोलर रूफटॉप सिस्टम पर केंद्र सरकार द्वारा 78,000 रुपए तथा राज्य सरकार द्वारा 30,000 रुपए तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इस पहल से न केवल आम जनता को आर्थिक राहत मिल रही है, बल्कि अक्षय ऊर्जा को भी बढ़ावा मिल रहा है। जिले के अनेक नागरिक इस योजना का लाभ उठा रहे हैं और अपने अनुभव साझा कर रहे हैं। कौशिक कॉलोनी निवासी भारत सिंह साहू ने बताया कि उन्होंने अपने घर की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का सौर पैनल सिस्टम स्थापित कराया है। उन्हें टीवी और समाचार पत्रों के माध्यम से इस योजना के बारे में पता चला और इसके पश्चात ही उन्होंने योजना की जानकारी जुटाकर आवेदन किया। पंजीकृत वेंडर द्वारा सोलर सिस्टम स्थापित किए जाने के बाद पिछले दो माह से अब उनका बिजली बिल शून्य हो गया है। साथ ही क्रेडिट यूनिट का भी लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा, बिजली बिल न के बराबर रह गया है और सबसे बड़ी बात यह है कि यह निवेश मात्र दो-तीन साल में ही वसूल हो जाएगा।

## निधन

### उमेश पटेल



**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी गौरी गौरा चौक निवासी 42 वर्षीय उमेश पटेल (सुधेराम) का निधन 5 अक्टूबर रविवार को हो गया। जिसका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित सामाजिकजन शामिल हुए। वे सविता पटेल के पति व केशव राम पटेल के पुत्र व बलराम पटेल, जितेंद पटेल के भाई और हरिशंकर पटेल के पिता थे।

**कार्यक्रम : आत्मनिर्भर भारत एवं जीएसटी रिफॉर्म कार्यशाला का आयोजन**

# जीएसटी रिफॉर्म को लेकर हुई कार्यशाला सांसद ने व्यापारियों व ग्राहकों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

भाजपा मंडल द्वारा आत्मनिर्भर भारत एवं जीएसटी रिफॉर्म कार्यशाला स्थानीय गीत भवन में हुई। कार्यशाला में मुख्य वक्त के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता मंडल प्रभारी डॉ एनके अग्रवाल बसना उपस्थित थे। जिला उपाध्यक्ष विपिन उबोवेजा, जिला महामंत्री संजय शर्मा एवं सोसायटी अध्यक्ष अनंत पटेल ने भी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया।

डॉ अग्रवाल ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि का प्रतीक है। इसका उद्देश्य भारत को केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि विश्व का निर्माता और मार्गदर्शक बनाना है। उन्होंने जोर दिया कि गांव-गांव और नगर नगर तक आत्मनिर्भरता की अलख जगाना हमारा लक्ष्य है। वोकल फॉर लोकल से लेकर स्टार्टअप और मेक इन इंडिया तक यह संकल्प प्रत्येक नागरिक के सहयोग से ही संभव होगा। आगे उनहोंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और नगर-नगर में मतदाताओं व उपभोक्ताओं से संपर्क कर स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने की अपील की, ताकि देश आत्मनिर्भर बन सके। जीएसटी रिफॉर्म से दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली वस्तुएं सस्ती हुई है जिससे नागरिकों को इसका लाभ मिलेगा।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन जबोवेजा ने कार्यशाला के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि यह कार्यशाला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में आयोजित की गई हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना और विदेशी वस्तुओं तथा सेवाओं पर निर्भरता को कम करना है। स्थानीय लघु उद्योगों को समर्थन देकर देश की पूंजी को देश में ही संवाहित करने की व्यवस्था को मजबूत करना है।

जीएसटी रिफॉर्म के बारे में बताया कि केंद्र सरकार द्वारा अब जीएसटी की दो ही स्लैब कर दी गई है। कार्यशाला में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष गुंजन अग्रवाल, महामंत्री विदित धनानिया डॉ प्रकाश पटेल, मंडल उपाध्यक्ष गजेंद्र ठाकुर, मो अख्तर, मंडल मंत्री नेपाल बीसी, युवराज प्रधान, प्रखर अग्रवाल, पूर्व पार्षद जेपी यादव, मनोज दास, पार्षद युवराज गोस्वामी, राजा बग्गा, दीपक मखीजा, जयपाल सिंह, अविनाश सिंह, अजय अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, मनोज आदित्य, युवा नेता शिवा जायसवाल, आदर्श गुप्ता, अभिनव सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन मंडल महामंत्री विदित धनानिया ने किया।



**जीएसटी रिफॉर्म को लेकर सांसद ने व्यापारियों से मुलाकात की**

नगर में जीएसटी रिफॉर्म बचत उत्सव के अंतर्गत महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी ने भ्रमण कर नगर के व्यापारियों और ग्राहकों से मुलाकात कर केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी कटौती के फायदे को लेकर चर्चा की। भ्रमण के दौरान दुकानदार एवं ग्राहकों ने बताया कि जीएसटी दरों में कमी से अब रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं और सेवाएं पहले से अधिक किफायती हो गई है। इससे न केवल आम उपभोक्ता को राहत मिली है, बल्कि व्यापारियों के लिए भी कारोबार करना और सरल हो गया है। सांसद के साथ स्थानीय भाजपा नेता जिला उपाध्यक्ष विपिन उबोवेजा, जिला महामंत्री संजय शर्मा, भूपेश सलूजा, प्रदीप साहू, मंडल अध्यक्ष गुंजन अग्रवाल, महामंत्री विदित धनानिया, जनपद उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, मंडल मंत्री नेपाल बीसी, युवराज प्रधान, अजय अग्रवाल, लिंगराज साहू, युवा नेता शिवा जायसवाल एवं आदर्श गुप्ता आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शहीद वीर नारायण सिंह ग्रामीण कबड्डी स्पर्धा हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

ग्राम नरतोरा में शहीद वीर नारायण सिंह समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित जय शहीद वीर नारायण सिंह ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता 2025 का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। इस प्रतियोगिता में आसपास के विभिन्न गांवों की टीमों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दिनभर चले रोमांचक मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों का जोश देखने लायक था। ग्रामीणों की भारी भीड़ ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पहला इनाम समस्त ग्रामवासी नरतोरा की तरफ से 9000 बगारपाली कबड्डी टीम, द्वितीय स्थान पर नरतोरा रही, उन्हें एसएसबी जवान किशोर चौहान की ओर से, तृतीय स्थान पर रायपुर की टीम रही उन्हें 4000 जीतराम पटेल सरपंच नरतोरा ने प्रदान किया, चतुर्थ में सरकेल को 3000 डा. दीपक मधुकर, पंचम में कस्तूरबोड को 2000 हेमलाल यादव पूर्व सरपंच नरतोरा, छठे स्थान में बांदोमुड़ा 1000 गणेश किराना स्टोर और सातवें स्थान पर घोंच की टीम रही उसे देवा सेंट्रिंग सप्लायर 701 रुपए की राशि प्रदान किया गया। बेस्ट रेडर, बेस्ट कैचर, बेस्ट ऑलराउंडर, बेस्ट ब्लॉकर को ट्रॉफी दिवम स्पोर्ट्स झलप द्वारा दिया गया। फाइनल मुकाबले में विजेता टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। समापन पर अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सभापति सुषमा टंडन, सरपंच जीतराम पटेल, राजू दीवान, रामजी पटेल, छबींद्र पटेल, ओमकार, टिकेश्वर, ईश्वर, इंद्रदत्त, टोपेश, भोजनाथ, भारत, फागराम, उत्तम, गोवर्धन, नूतन, दीनानाथ एवं दीनदयाल सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सदस्यों धोनी दीवान, डेलन ध्रुव, गजेंद्र दीवान एवं समस्त ग्रामवासियों ने सफल आयोजन के लिए सभी टीमों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

## नपाध्यक्ष को महिलाओं ने बताई समस्या



**महासमुंद।** स्थानीय वार्ड क्रमांक 28 मौहारीभाठा की महिलाओं ने नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू से मुलाकात कर अपनी समस्याएं बताई। महिलाओं ने वार्ड की विभिन्न समस्याओं से भी अध्यक्ष साहू को अवगत कराया। जिस पर नपाध्यक्ष ने अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

## चिरायु दल की मेहनत से बची बच्चे की जान, हुआ सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

- स्कूल में स्वास्थ्य जांच के दौरान हुई बीमारी की जानकारी

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चिरायु टीम को ग्राम बरेकेल खुर्द के शासकीय विद्यालय में स्वास्थ्य जांच के दौरान छात्र आकाश भारद्वाज को गंभीर हृदय रोग होने की जानकारी मिली। जांच में डॉ. वीरेंद्र प्रजापति और डॉ. तनुजा चंद्राकर ने बच्चे की स्थिति को गंभीर पाया और तुरंत अधिकारियों को बताया।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला सलाहकार अनुपम शर्मा के मार्गदर्शन में खंड चिकित्सा अधिकारी पिथौरा डॉ. तारा अग्रवाल ने बच्चे के इलाज के लिए तत्काल कदम उठाए। चिरायु दल ने बच्चे को बालाजी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, मोवा में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसका सफल ऑपरेशन किया। अब बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है।

टीम के सदस्य डॉ. वीरेंद्र प्रजापति, डॉ. तनूजा चंद्राकर, फार्मासिस्ट लेखरंजन पटेल, एएनएम राजकुमारी बंजारे और लैब टेक्नीशियन बेनूराम सिन्हा हाल ही में बच्चे के घर जाकर उसके स्वास्थ्य की जानकारी ली। विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक जयकांत विश्वकर्मा ने कहा कि यह चिरायु दल की सतर्कता और टीमवर्क का नतीजा है। वहीं डॉ. तारा अग्रवाल ने बताया कि चिरायु दल लगातार स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की जांच कर रहा है ताकि किसी भी बीमारी का समय पर इलाज हो सके।

## बालक स्कूल में प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव में प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी शिक्षक जितेंद्र कुमार साहू के मार्गदर्शन में आयोजित हुई, जिसमें कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

दशहरा अवकाश के पूर्व सभी विद्यार्थियों को गृहकार्य स्वरूप प्रोजेक्ट वर्क दिया गया था, जिसे बच्चों ने अत्यंत सुंदर और रचनात्मक रूप में तैयार किया। प्रदर्शनी के दिन बच्चों ने अपने प्रोजेक्ट्स की प्रस्तुति दी और विषयों की उत्कृष्ट समझ का प्रदर्शन किया। गणित विषय में विद्यार्थियों ने जोड़, घटाना, गुणा, भाग, बढ़ते क्रम एवं घटते क्रम पर आकर्षक मॉडल व चार्ट बनाए। हिंदी विषय में विलोम शब्द, समानार्थी शब्द, शब्द निर्माण एवं मात्रा पहचान जैसे विषयों पर बच्चों ने सुंदर प्रदर्शन किया। पर्यावरण अध्ययन में विद्यार्थियों ने वृक्षों के नामांकित चित्र, फूलों, फलों और सब्जियों के नाम पर सुंदर प्रोजेक्ट बनाकर प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में विद्यालय के संस्था प्रमुख संगीता रात्रे, शिक्षक जितेंद्र कुमार साहू,शिक्षादान शिक्षक प्रभा कोसले सभी उपस्थित रहे और विद्यार्थियों की मेहनत एवं सृजनशीलता की प्रशंसा की। यह प्रदर्शनी न केवल बच्चों के ज्ञानवर्धन का माध्यम बनी, बल्कि उनके आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल को भी निखारने में सहायक रही।

## पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पेंशनर्स एसोसिएशन महासमुंद की नियमित मासिक बैठक 5 अक्टूबर को गोवर्धन साहू वरिष्ठ उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। बैठक के प्रथम चरण में सर्वप्रथम सभा अध्यक्ष नवनिर्वाचित प्रांतीय उपाध्यक्ष, अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, संगठन मंत्री, कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा सरस्वती माता की विधिवत पूजन कर बैठक प्रारंभ की गई।

इसी क्रम में भगतराम साहू ने (गायत्री परिवार) की ओर से ऐतिहासिक तथा अध्यात्मिक तिथियों पर प्रकाश डालते हुए सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसके उपरांत महासमुंद तहसील अध्यक्ष रामकुमार साहू की माता झालोबाई साहू के दुखद निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने महासमुंद से प्रांतीय उपाध्यक्ष पद के लिए दो सदस्यों के मनोनयन के लिए प्रांताध्यक्ष यशवंत देवान के प्रति अभार व्यक्त करते हुए उपाध्यक्ष द्वय शिवकुमार साहू एवं के रिजवी का स्वागत फूलमालाओं एवं श्रीफल भेंटकर किया गया। दोनों पदाधिकारियों ने अपना संक्षिप्त परिचय सदस्यों को दिया। इस अवधि में कार्यक्रम का संचालन संगठन मंत्री चमनलाल साहू ने किया।

स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से गोवर्धन साहू, आर साहू, भूषण भोसले, एमपी साहू, आईएम कुरैशी, नेहरू साहू, बोधन साहू, सुरेश क्षेत्रपाल, राजेन्द्र परिहार, टीपी वर्मा, कोमन चंद्राकर, सुभाषनंद, संतोष साहू, तिलचंद, मुरलीधर पटेल, संतुराम साहू, राधेश्याम चंद्राकर आदि सम्मिलित हुए। उपरांत जिन सदस्यों का जन्म तिथि माह सितंबर/अक्टूबर में है उन्हे सभी सदस्यों ने करतल ध्वनी के साथ जन्म दिन की बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की।

इस मौके पर प्रांतीय उपाध्यक्ष शिवकुमार साहू ने अपने उदबोधन में प्रांताध्यक्ष के नेतृत्व के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए अपनी सफलता का श्रेय महासमुंद संगठन से जुड़े समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों को दिया। भविष्य में संगठन की सक्रियता को गति देने का संकल्प व्यक्त किया। प्रांतीय उपाध्यक्ष के रिजवी ने सभी सदस्यों से निरंतर सक्रिय रहने तथा स्वयं को हमेशा व्यस्त रखने की सलाह दी। उन्होंने अपने स्वागत के लिए सभी को धन्यवाद देते हुए संगठन को निरंतर सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। इसी क्रम में संगठन मंत्री चमनलाल साहू ने दोनों पदाधिकारियों के चयन को महासमुंद जिले की उपलब्धि बताते हुए सांगठनिक गतिविधियों में सभी के सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष आर साहू ने दोनों पदाधिकारियों को शुभकामना देते हुए आशा व्यक्त की कि पेंशनर्स एसोसिएशन आप दोनों के नेतृत्व में नयी उंचाई पर पहुंचेगा। बैठक में उपस्थित मुरलीधर पटेल ने स्वरचित देशभक्ति पूर्ण तथा श्रृंगार रस के काव्य पाठ से संपूर्ण वातावरण को काव्यमय कर दिया।

इसी तारतम में देवनारायण सिंह बिसेन ने विविध विषयों पर हास्य प्रसंग एवं कथानक प्रस्तुत कर सबकी वाहवाही लूटी। इस बैठक में आईएम कुरैशी, संतोष साहू, भूषण भोसले, आर साहू, के रिजवी, राजेंद्र सिंह परिहार आदि जागरूक सदस्यों ने संगठन संचालन के लिए स्वेच्छा से सहयोग राशि भेंट की, जिसकी सभी सदस्यों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। आभार प्रदर्शन संगठन मंत्री चमनलाल साहू ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से शिवनंदन भोसले, रूपचंद वर्मा, गौकरण सिंह ठाकुर, कोमनलाल चंद्राकर, एनके शर्मा, मेघनाथ साहू, एसपी तिवारी, एमपी साहू, रामटहल निषाद, नारायणलाल साहू, डीएन बिसेन, बोधनलाल साहू आदि मौजूद रहे।

## अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष बने कमलेश्वर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ बागबाहरा का 4 अक्टूबर को पदाधिकारियों का हाईस्कूल बागबाहरा में हुआ। चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण कराने के लिए पर्यवेक्षक के रूप में श्यामरतन सागर जिलाध्यक्ष महासमुंद व अमन पटेल संचालक जिला महासमुंद की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से निर्विरोध हुआ। जिसमें कमलेश्वर चंद्राकर (अध्यक्ष), मदन लाल साहू (सचिव), संतोष साहू (उपाध्यक्ष), कुलेश चौहान (कोषाध्यक्ष), दीपक साहू (सहसचिव), बलदेव ठाकुर (संगठन महामंत्री), ठाकुर राम साहू (मीडिया प्रभारी), बालकृष्ण पटेल (संरक्षक), संचालक योगेंद्र टंडन, कार्यकारिणी सदस्य बेनू राम दीवान, महिला प्रकोष्ठ सदस्य रामेश्वरी साहू, अनिता निषाद, कुमारी साहू, प्रभा दीवान, एवं चुनाव में ब्लाक के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे। युक्त जानकारी मानिक लाल टंडन ने दी है।

### आईटीआई में यूथ रेडक्रास टीम का हुआ गठन

**महासमुंद।** आईटीआई महासमुंद में यूथ रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा प्रभारी प्राचार्य वायपी ध्रुव के मार्गदर्शन व रेड क्रॉस प्रभारी खिलेश्वरी ध्रुव एवं सह प्रभारी देवेंद्र यादव के निर्देशन में एक दिवसीय प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया। प्राथमिक सहायता के अंतर्गत एसएसएस, एवीपीयू, एलएलएफ और सीपीआर के बारे में बताया गया। रेड क्रॉस प्रभारी खिलेश्वरी ध्रुव ने रेडक्रॉस के इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण अधिकारी एचएल वर्मा ने रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण अधिकारी भूपेंद्र कुमार साहू ने फर्स्ट एड किट में आवश्यक दवाइयों और सामग्रियों की जानकारी दी। प्रशिक्षण अधिकारी बदरूद्दीन द्वारा प्रशिक्षणार्थियों के रेडक्रास टीम का गठन किया गया। इस मौके पर प्रशांत सिन्हा, गजानंद साहू, तुकाराम चौहान, नागेंद्र, भुवन एवं अन्य प्रशिक्षण अधिकारीगण सहित सभी 9 ट्रेड के प्रशिक्षणार्थिगण बहुतायत की संख्या में उपस्थित थे।




# विधायक की संवेदनशील पहल, मातृत्व का सम्मान, नवजीवन का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जनसेवा और मानवीय संवेदना का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपनी धर्मपत्नी प्रिया सिंहा के साथ सोमवार सुबह जिला अस्पताल पहुंचकर शिशुवती माताओं और नवजात शिशुओं का कुशलक्षेम पूछा। इस अवसर पर उन्होंने लगभग 60 नवजात शिशुओं को वस्त्र, डायपर, तौलिया, स्वच्छता किट जैसी उपयोगी सामग्रियों का वितरण किया।

इस अवसर पर विधायक सिन्हा ने कहा कि मां और शिशु का स्वास्थ्य ही समाज की सबसे बड़ी पूंजी है। नवजीवन का यह क्षण केवल परिवार का नहीं, पूरे समाज का उत्सव होता है। हमारा संकल्प है कि हर माँ और हर बच्चे तक स्वास्थ्य सुविधाएं और आवश्यक संसाधन सुलभ रूप से पहुंचे। उन्होंने मातृत्व को ईश्वर का वरदान बताते हुए कहा कि यह पहल मातृ शक्ति के प्रति श्रद्धा और स्नेह का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल जैसी संस्थाओं में यदि समाज के हर वर्ग का सहयोग मिले तो मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और बेहतर की जा सकती है। इस दौरान अस्पताल परिसर में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण रहा। माताओं ने विधायक दंपत्ति की इस स्नेहमयी पहल के लिए आभार जताया।



इस अवसर पर स्काउट गाइड के राज्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, कल्पना सूर्यवंशी, राहुल आवड़े, राजू चंद्राकर, प्रकाश शर्मा, शरद मराठा, हनीश बग्गा, रमेश साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव, मेडिकल कॉलेज अधीक्षक डॉ. बसंत माहेश्वरी, नीलू धृतलहरे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं स्टाफ मौजूद रहे।